रजिस्ट्रेशन संख्या :– R.N.I. 36355/79
डाक पंजीकरण संख्या :– के पी सिटी– 67/2021–23

अधिकार किसको जानने के लिए भारत सरकार की वेबसाइट www.dhr.gov.in लॉगिन कर क्लिक करें अल्टरनेटिव मेडिसिन तथा गजट पढ़ने हेतु log in करें www.behm.org.in

चिकित्सा–विज्ञान और प्रौद्योगिक जगत में सर्वाधिक प्रकाशित होने वाला निष्पक्ष समाचार पत्र

पाक्षिक

इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट

पत्र व्यवहार हेतु पता :–
सम्पादक
इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट
127/204 'एस' जूही, कानपुर–208014
सम्पर्क सूत्र :– 9450153215 , 9415074806 , 9415486103

वर्ष – 45 ● अंक – 24 ● कानपुर 16 से 31 दिसम्बर 2023 ● प्रधान सम्पादक – डा0 एम0 एच0 इदरीसी ● वार्षिक मूल्य ₹ 100

# शासकीय आदेशों से लैस बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 की आपात बैठक में

## अनेक बिन्दुओं पर हुयी गम्भीरता से चर्चा

# शिक्षा, चिकित्सा व औषधि निर्माण के क्षेत्रों को मानकयुक्त व मापदण्डों के समकक्ष बनायें

इलेक्ट्रो होम्योपैथी की शिक्षा को मान्यता के अनुरूप बनाने के लिए व अद्यतन आदेशों के अनुसार शैक्षिणक गतिविधि संचालित करने के लिए व अवधि का निर्धारण करने हेतु बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 कटिबद्ध है इसीलिए बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 की प्रबन्ध समिति की एक बैठक में यह निश्चित किया गया कि आने वाले समय को दृष्टिगत रखते हुए व मान्यता के लिए आवश्यक मापदण्डों को स्थापित करने के लिए जो कुछ भी आवश्यक हैं उसपर गम्भीरता से चिन्तन किया जाये और विषय विशेषज्ञों के साथ बैठक कर परिणाम अर्जित किये जायें, आपको बताते चलें कि सरकार की बदलती हुई नीतियों के कारण वर्तमान में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की शिक्षा व्यवस्था पर परिवर्तन आवश्यक है पाठकों को याद होगा कि इस सम्बन्ध में पिछले अंको में गज़ट के माध्यम से यह सूचना दी गयी थी कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी के पाठ्यक्रमों का उच्चीकरण आवश्यक अवधियों हेतु किया जाये पुनरीक्षण इन्हीं दोनों बातों को लेकर बोर्ड ने अपनी गतिविधियां तेज़ कर दी हैं।

सत्य तो यह है कि प्रदेश में एक मात्र बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 ही वह संस्था है जो वैधानिक स्वरूप को प्राप्त किये हुए शासकीय आदेश से परिपूर्ण है इसी कारण पहल बोर्ड को ही करनी है, मान्यता का मामला दिन प्रतिदिन गर्माता जा रहा है आज नहीं तो कल इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता मिलनी ही है, परन्तु मान्यता के लिए जो आवश्यक मापदण्ड हैं वह हमें ही पूरे करने होंगे।

हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि 18 नवम्बर, 1998 को माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश ने केन्द्र सरकार सहित सभी राज्य सरकारों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को आदेश में दिये गये बिन्दुओं के अनुरूप इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिए कानून बनाना था परन्तु हमारे साथियों ने प्रतिवेदन लिख–लिख कर केन्द्र सरकार पर मान्यता के लिए दबाव डाला तब केन्द्र सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता के लिए आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराने को कहा उस समिति के सदस्यों ने कई दौर की बैठकें कर सरकार को जो रिपोर्ट सौंपी उसमे इन्होंने स्पष्ट लिखा कि किसी भी चिकित्सा पद्धति की मान्यता के लिए जो आवश्यक मापदण्ड होने चाहिये इलेक्ट्रो होम्योपैथी उसे पूरा नहीं करती है अस्तु इस चिकित्सा पद्धति को मान्यता प्रदान करने की संस्तुति नहीं की जा सकती है।

उसके बाद जो कुछ भी हुआ वह हम सब जानते हैं समय बीता परिवर्तन हुआ हमें काम करने के अवसर के साथ साथ केन्द्र व राज्य सरकार से अधिकार भी प्राप्त हुए, 25 नवम्बर, 2003 के उस आदेश को पूरे 20 वर्ष बीत चुके हैं इन 20 वर्षों में बहुत कुछ तेजी के साथ बदला है आज फिर इलेक्ट्रो होम्योपैथी मान्यता के मुहाने पर है अस्तु नई परिस्थितियों का हमें ही सामना करना है यदि समय रहते हमने अपने आधारभूत ढांचे में व्यापक परिवर्तन नहीं किये तो किसी भी सम्भावना को हम इनकार नहीं कर सकते ।

हम नहीं चाहते हैं कि कोई पुनरावृत्ति हो अस्तु समय सीमा के अन्दर ही शिक्षा चिकित्सा व औषधि निर्माण के क्षेत्रों को मानकयुक्त व मापदण्डों के समकक्ष बनायें।

बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उ0प्र0 ने इस दिशा में गम्भीरता से कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार बोर्ड के अधिकारियों ने इस बात के संकेत दिये हैं कि आने वाले समय में महत्वपूर्ण परिवर्तन होंगे और यह परिवर्तन गुणवत्ता युक्त होंगे जिनका असर आगामी वर्षों से दिखायी देने लगेगा।

ज्ञातव्य हो कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी को चिकित्सा पद्धति के रुप में मान्यता प्रदान करने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा **IDC** का गठन भी किया जा चुका है।

# हम और इलेक्ट्रो होम्योपैथी



इलेक्ट्रो होम्योपैथी एक परिवार है और इसमें कार्य करने वाला हर व्यक्ति एक परिवारिक सदस्य है और सदस्य की यह इच्छा भी होती है कि जिस परिवार से वह जुड़ा है उस परिवार का मान सम्मान बढ़े धन यश व कीर्ति की वृद्धि हो, इसलिए हर सदस्य अपनी तरफ से यह प्रयास करता है कि वह कोई ऐसा काम न करे जिससे कि परिवार की छवि खराब हो और जिसका प्रभाव समाज पर गलत पड़े।

इलेक्ट्रो होम्योपैथी को स्थापित करने के लिए विभिन्न लोगों या संगठनों द्वारा जिस तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं कदाचित इन कार्यक्रमों के दूरगामी परिणाम शुभ संकेत नहीं दे रहे हैं, सोशल मीडिया के माध्यम से जिस तरह के विचार हम सबके सामने आ रहे हैं वह सोचने पर विवश कर देते हैं कि आखिर इन लोगों की इच्छा क्या है ?

प्रतिद्वन्दता करना एक अच्छी बात है किसी भी कार्य में जब तक प्रतिद्वन्दी न हो तब तक सामने वाला भी अपना कार्य मन से नहीं करता है, यदि प्रतिद्वन्द नहीं होगा तो हम ऊँचाई तक नहीं पहुंच सकते हैं परन्तु यहां तो कुछ और ही हो रहा है प्रतिद्वन्दता इस स्तर तक बढ़ गयी है कि लोगों ने मर्यादायें भी तार–तार कर दी हैं।

वर्तमान परिस्थितियों को देखकर तो ऐसा लगता है कि ऊपर लिखी हुई सारी बातें या तो किताबी बची हैं या फिर मंचों पर दूसरों को शिक्षा देने के लिए, परस्पर विद्वेष ने कटुता का रूप ले लिया है यदि कटुता से समाज का उत्थान होता तो ऐसी कटुता भी बुरी नहीं होती है लेकिन जो कटुता स्वयं व समाज के लिए हानिकारक हो तो ऐसी कटुता का जन्म होना ही गलत है, यद्यपि कटुता बैर भाव का परिचायक होती है और बैर भाव से किया हुआ कार्य कभी भी मंगलकारी नहीं होता है।

आज इलेक्ट्रो होम्योपैथी जिस स्थिति में है अगर उस स्थिति को इसी तरह से ज्यादा दिनों तक चलते रहने दिया गया तो यह तय है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की स्थिति और खराब हो जायेगी, इसलिए इलेक्ट्रो होम्योपैथी से जुड़े हर जिम्मेदार व्यक्ति का यह दायित्व बनता है कि समय की नब्ज को पहचाने और इलेक्ट्रो होम्योपैथी के विकास के लिए जो उचित कदम हो वह उठाये, इस बात का निर्णय भी उसे ही करना होगा कि कौन सा कदम आगे की ओर ले जाता है ? और कौन सा कदम पद्धति को पीछे ढकेलता है ! यदि यह कठिन निर्णय लेने में हमारे साथी स्वयं को सक्षम नहीं पाते है तो उन्हें शान्त हो जाना चाहिये, यद्यपि यह सम्भव नहीं है कि जो व्यक्ति वर्षों तक इलेक्ट्रो होम्योपैथी आन्दोलन से जुड़ा रहा हो वह शान्त होकर बैठ जाये, यह सत्य है कि मनोदशाओं में आसानी से परिवर्तन नहीं होता है लेकिन यदि व्यक्ति ठान ले तो कोई भी कार्य मुशकिल भी नहीं होता है, अभी भी गेंद इलेक्ट्रो होम्योपैथी के पक्ष में है सरकारी आदेश और सरकारी अधिकारियों का रूख इलेक्ट्रो होम्योपैथी के समर्थन में ही दिखायी पड़ता है अवसर का लाभ उठाते हुए हम सब मिलकर एक ऐसा वातावरण निर्मित करे।

**" जो पैथी हिताय के साथ–साथ सर्वजन हिताय भी हो"**

आज कल इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता के लिये बड़े–बड़े दावे किये जा रहे हैं और इसको समर्थन दिलाने के लिये सम्मेलनों / सी0एम0ई0 के आयोजन कर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों को लुभाने का प्रयास भी कर रहे हैं, प्रायः देखा गया है कि सम्मेलन / सी0एम0ई0 के आयोजनकर्ता जब भी कार्यक्रम आयोजित करते हैं तो इलेक्ट्रो होम्योपैथी के उत्थान की बात बाद में होती है प्रथम वरीयता उनके हितों को दर्शाती है, ऐसे कार्यक्रमों में एन–केन IDC को कुछ उपलब्ध कराने की बात तो कही जाती है परन्तु जो वास्तविकता है वह सत्य से परे है।

चूँकि चिकित्सा पद्धति किसी एक व्यक्ति की नहीं है इसका उपयोग और उपभोग समाज का हर व्यक्ति कर सकता है जो इस सत्यता को स्वीकार करे और इलेक्ट्रो होम्योपैथी के विकास के लिए कार्य करे।












# Electro Homoeopathic Medical Association of India

(An Organization of Electro Homoeopathic Practitioners & Institutions)

## Recognized by Government of India
## Ministry of Health & Family Welfare
## Department of Health Research

## Vide Order No: C.30011/22/2010-HR

Head Office: 127/204 "S" Juhi, KANPUR-208014

Adm.Office: 8-Lal Bagh, Lucknow-226001 E-mail : ehmaik@gmail.com

# BREAKING NEWS

**A Self Regulatory Body in the field of Electro Homoeopathic Practice, Education, Research & Development**

# ANNOUNCES

## To offer Membership Certificate to Associate Members

**Apply immediately**

**T. & C. Applied**

# List of Medical Institutes/Institute

| Sr. | Code | Name | District | Principle & Mob.No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Ashish Electro Homoeopathic Medical Institute | RAIBARELY | Dr. P. N. Kushwaha 9415177119 |
| 2 | 03 | Awadh Electro Homoeopathic Medical Institute | LUCKNOW | Dr. R.K. Kapoor 9335916076 |
| 3 | 05 | Bhagwan Mahaveer Electro Homoeopathic Institute | JAUNPUR | Dr. P. K. Maurya 9451162709 |
| 4 | 06 | Maa Sarju Devi Electro Homoeopathic Medical Institute | LAKHIMPUR | Dr. R.K. Sharma 9454236971 |
| 5 | 11 | Chand Par Electro Homoeopathic Medical Institute | AZAMGARH | Dr. Mushtaq Ahmad 9415358163 |
| 6 | 13 | Azad Electro Homoeopathic Medical Institute, Kintoor | BARABANKI | Dr. Habib-ur-Rehman 8574239344 |
| 7 | 15 | Electro Homoeopathic Medical Institute | SHAHJAHANPUR | Dr. Ammar-Bin-Sabir 9336034277 |
| 8 | 16 | Shahganj Electro Homoeopathic Medical Institute | Shahganj JAUNPUR | Dr. S. N. Rai 9450088327 |
| 9 | 17 | Prema Devi Electro Homoeopathic Medical Institute | SIDDHARTH NAGAR | Dr.Ved Prakash Srivastav 9936022029 |

# List of Study Centres

| Sr. | Code | Name | District | Principle & Mob.No. |
|---|---|---|---|---|
| 10 | 52 | Deoria E.H. Study Centre | DEORIA | Dr. P. K. Srivastav 9415826491 |
| 11 | 53 | Bahraich E.H. Study Centre | BAHRAICH | Dr. Bhoop Raj. Srivastav 9451786214 |
| 12 | 54 | Unnao E.H. Study Centre | UNNAO | Dr. Gaurav Dwivedi 9935332052 |
| 13 | 55 | Walidpur E.H. Study Centre | Walidpur MAU | Dr. Ayaz Ahmad 9305963908 |
| 14 | 56 | Aarti E.H. Study Centre | JALAUN | Dr. Gaya Prasad 8874429538 |
| 15 | 57 | B.K. E.H. Study Centre | HAMIRPUR (U.P.) | Dr. N.B.Nigam 7007352458 |
| 16 | 58 | Electro Homoeopathic Study Centre | Hasanganj UNNAO | Hakim Mohd. Rashid Hayat 9005680843 |
| 17 | 59 | Sirsaganj E.H. Study Centre | Sirsaganj FIROZABAD | Dr. Mohd. Israr Khan 9634503421 |
| 18 | 60 | Etawah E.H. Study Centre | ETAWAH | Dr. Mohd. Akhlak Khan 7417775346 |
| 19 | 61 | Firozabad E.H. Study Centre | FIROZABAD | Dr. Shiv Kumar Pal 9027342885 |
| 20 | 62 | D.L.M.M. Study Centre of E.H. | MAHARAJGANJ | Dr. Prince Srivasta 7398941680 |
| 21 | 63 | Kushwaha Study Centre of E.H. | KANPUR | Dr. Ram Autar Kushwaha 9793264649 |

# AUTHORISED STUDY CENTRES OF OTHER STATES

| Sr. | Code | Head of Centre | Address | District |
|---|---|---|---|---|
| 22 | 81 | Dr. Devendra Singh Mobile No 9818120565 | 374/4 Shaheed Bhagat Singh Colony, Karawal Nagar | DELHI-110090 |

# LIST OF AUTHRISED EXAMINATION CENTRES

| Sr. | Code | Name of Examination Centre | Address | Name of Supdt. & Mobile No. |
|---|---|---|---|---|
| 23 | 91 | Khurja E.H. Examination Centre | Kurja , BULAND SHAHAR | Dr. P. K. Raghav 7505186156 |
| 24 | 92 | E.H. Examination Centre,Moradabad | MORADABAD | Dr. S.K. Saxena 8171869605 |
| 25 | 94 | E.H. Examination Centre | B.E.H.M.UP. KANPUR | Registrar B.H.M.U.P 0512-2970704 |

बी0ई0एच0एम0 के लिए डा0 अतीक अहमद द्वारा गजट प्रेस 126 टी/22 'ए' रामलाल का तालाब, जूही, कानपुर–208014 से मुद्रित एवं मिथलेश कुमार मिश्रा द्वारा कम्प्यूटराइज्ड करा कर 9/1 पीली कालोनी, जूही, कानपुर–20801414 से प्रकाशित किया गया।